Reg. No. | | | | | | | | | |

BAS HDL 231/BSW HDL 231/HRD HDL 231

Choice Based Credit System III Semester B.A./B.S.W./B.A. (HRD) Degree Examination, April/May 2022
(2020-21 Batch Onwards)
COMPULSORY FOUNDATION LANGUAGE – HINDI
(Group – III) (Paper – III)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. **एक** शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : **(1×5=5)**

1) मक्खी पहले किससे लिपटी रहती है ?
2) बिहारीलाल किसके अनन्य भक्त थे ?
3) 'शिक्षा' कविता के कवि कौन है ?
4) 'श्रद्धा' कविता में श्रद्धा किसको संबोधित करती है ?
5) कवि गोपालदास 'नीरज' जिंदगी भर किसके लिए भटकते रहे ?

II. संदर्भसहित व्याख्या कीजिए : **(2×5=10)**

1) ऐसी बानी बोलिए मन का आपा खोई ।
अपना तन सीतल करै औरों कूँ सुख होई ।।

अथवा

मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरी सोई ।
जा तन की झाँई परै, स्याम हरित दुति होई ।।

2) और यह क्या तुम सुनते नहीं–
– विधाता का मंगल वरदान
"शक्तिशाली हो, विजयी बनो" –
– विश्व में गूँज रहा जयगान

P.T.O.

''डरो मत, अरे ! अमृत संतान–
अग्रसर है मंगलमय वृद्धि
पूर्ण आकर्षण जीवन केंद्र –
सिंची आवेगी सकल समृद्धि ।।

अथवा

परस पाकर तुम्हारा ही प्राण
पिघलकर जल बन गया होगा–
– कठिण पाषाण
छू गया तुमसे कि झून लग पडे
शेफालिका के फूल
बाँस था कि बबूल ... ?

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2×10=20)**

1) कबीर के दोहों का सारांश लिखिए ।

अथवा

बिहारी के दोहों का सार अपने शब्दों में लिखिए ।

2) श्रद्धा दु:खी मनु की हौसला कैसे बढ़ाती है ? पठित पद्य के आधार पर वर्णन कीजिए ।

अथवा

'शिक्षा' कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

IV. 'डाक बंगला' उपन्यास में लेखक ने स्त्री मन के संघर्ष का सहज चित्रण किया है – स्पष्ट कीजिए । **10**

अथवा

'डाक बंगला' उपन्यास का सारांश लिखिए ।

V. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : **(2×5=10)**

1) शीला
2) मेजर सोलंकी
3) बतरा
4) डॉ. चंद्रमोहन ।

VI. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए :

अपने कालेज वार्षिकोत्सव में निमंत्रण करते हुए मित्र को पत्र लिखिए । **5**

अथवा

आपके मुहल्ले में पानी की समस्या के बारे में नगरपालिका के मुख्य अभियंतर को पत्र लिखिए ।

VII. निम्नांकित गद्यांश का **एक तिहाई** में संक्षेपण करके उचित शीर्षक दीजिए । **5**

विज्ञापन करने का प्रधान साधन समाचार पत्र है । इससे विज्ञापन देनेवाले, समाचार पत्रों को निकालनेवाले और संबंधी उपभोक्ताओं को जहाँ लाभ होता है वहाँ उससे कहीं अधिक लाभ उन व्यक्तियों को होता है जो समाचार पत्रों को पढ़ते हैं । समाचार पत्र में यदि विज्ञापन न आवे तो उनका मूल्य बहुत कुछ बढ़ जाये जिससे पढ़नेवालों की संख्या भी निश्चित रूप से कम हो जायेगी । विज्ञापन का शिक्षा की दृष्टि से भी अधिक महत्व होता है क्योंकि इससे जनता को बहुत ऐसी वस्तुओं के बारे में ज्ञान हो जाता है जो उनको पहले मालूम नहीं रही हो ।

VIII. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(1×5=5)**

ताजमहल भारत के प्रमुख यात्रास्थलों में से एक है । यह विश्व प्रसिद्ध स्मारक है जो यमुना नदी के किनारे पर निर्मित है । इसे मुगल सम्राट शाहजहाँ ने बनवाया । उसने इसे अपनी पत्नी मुमताज बेगम की स्मृति में बनवाया । यह सफेद संगमरमर से बनाया गया है जो चांदनी रात में बहुत मनोहर दिखता है । यह विश्व के सात अद्‌भुतों में से एक है ।

प्रश्न :

1) भारत के विश्वप्रसिद्ध स्मारक का नाम लिखिए ।
2) ताजमहल किस नदी के किनारे पर निर्मित है ?

3) ताजमहल को किसने बनवाया ?

4) उसने ताजमहल को किसकी स्मृति में बनवाया ?

5) विश्व के सात अद्भुतों में से एक का नाम लिखिए ।

IX. अ) **हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।** 5

India's population is growing rapidly. It is growing more rapidly than our food production. Modern medicine cures people of many diseases. So, people live longer now a days. We have to work hard for the progress of our country.

ಭಾರತದ ಜನಸಂಖ್ಯೆಯು ತೀವ್ರಗತಿಯಿಂದ ಹೆಚ್ಚಾಗುತ್ತಿದೆ. ಇದು ನಮ್ಮ ಆಹಾರ ಉತ್ಪಾದನೆಗಿಂತಲೂ ವೇಗವಾಗಿ ಬೆಳೆಯುತ್ತಿದೆ. ಆಧುನಿಕ ಔಷಧಗಳು ಜನರನ್ನು ಹಲವಾರು ಕಾಯಿಲೆಗಳಿಂದ ಗುಣ ಮುಖವಾಗಿಸುತ್ತಿವೆ. ಆದ್ದರಿಂದ ಇತ್ತೀಚಿನ ದಿನಗಳಲ್ಲಿ ಜನರು ದೀರ್ಘಕಾಲದವರೆಗೆ ಬದುಕುತ್ತಿದ್ದಾರೆ. ದೇಶದ ವಿಕಾಸಕ್ಕಾಗಿ ನಾವೆಲ್ಲರೂ ಒಟ್ಟಾಗಿ ಕೆಲಸ ಮಾಡಬೇಕು.

आ) **कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए ।** 5

हमारा देश भारत है । विविधता में एकता इसकी विशेषता है । अनेक जाति और धर्म के लोग यहाँ रहते हैं । कमल हमारा राष्ट्रीय पुष्प है । मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी है । हमारे राष्ट्रध्वज को 'तिरंगा' कहते हैं ।